Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 जुलाई, 2023

बाल गंगाधर तिलक जयंती

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने 23 जुलाई, 2023 को [बाल गंगाधर तिलक](#) को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

- 23 जुलाई, 1856 को जन्मे बाल गंगाधर तिलक एक **स्वतंत्रता सेनानी, वकील और शिक्षाविद् थे जिन्हें लोकमान्य तिलक के नाम से जाना जाता है।**
- वर्ष 1884 में **डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी** के संस्थापक और उन्होंने **वर्ष 1885 में फर्ग्यूसन कॉलेज** की भी स्थापना की।
- तिलक ने **स्व-शासन या स्वराज्य** की आवश्यकता पर बल दिया तथा उनका लोकप्रिय नारा था-**"स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा!"**
- तिलक, वर्ष 1890 में [भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस](#) **(Indian National Congress- INC)** में शामिल हुए और **वर्ष 1907 में सूरत विभाजन** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा पूर्ण स्वराज या स्वराज्य की वकालत की।
- उन्होंने भारतीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिये [स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन](#) का प्रचार किया।
- तिलक ने अप्रैल 1916 में बेलगाम में **अखिल भारतीय होम रूल लीग (All India Home Rule League)** की स्थापना की, जिसका लक्ष्य वर्ष 1916 में लखनऊ समझौते के माध्यम से हिंदू-मुस्लिम एकता था।
- इन्होंने **मराठी भाषा में केसरी तथा अंग्रेज़ी भाषा में मराठा नामक समाचार पत्रों का प्रकाशन किया तथा वेदों पर 'गीता रहस्य' और 'आर्कटिक होम' नामक पुस्तकें लिखीं।**
- भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले बाल गंगाधर तिलक का **1 अगस्त, 1920** को निधन हो गया।

//

और पढ़ें...

[बाल गंगाधर तिलक जयंती](#)

प्रतिहार शासक मिहिर भोज

हरियाणा के कैथल ज़िले में 9वीं सदी के शासक सम्राट **मिहिर भोज** की प्रतिमा के अनावरण को लेकर उठे विवाद के कारण राजपूत समुदाय ने बड़े पैमाने पर बहिष्कार किया है।

- मिहिर भोज या भोज प्रथम (836 - 885 ई.) **प्रतिहार वंश** का सबसे महान शासक था।
- मिहिर भोज ने **कन्नौज को अपनी राजधानी** बनाया था। वह **विष्णु** का भक्त था, इसलिये विष्णु के सम्मान में उसने वराह तथा प्रभास जैसी उपाधियाँ धारण की थीं।
- मिहिर भोज की उपलब्धियों का वर्णन उसके **ग्वालियर प्रशस्ति शिलालेख** में किया गया है।

और पढ़ें... [प्रतिहार शासक मिहिर भो](#)

कैनबिस मेडिसिन परियोजना

हाल ही में भारत सरकार ने **कैनबिस मेडिसिन परियोजना** की घोषणा की है। **CSIR-IIIM जम्मू** द्वारा शुरू की गई यह शोध परियोजना भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है तथा यह **भारत सरकार और एक कनाडाई फर्म** के बीच सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है। इसका उद्देश्य **कैनबिस** की औषधीय क्षमता का पता लगाना है जिससे **न्यूरोपैथी**, **कैंसर** तथा **मिर्गी** के रोगियों को लाभ होगा। चिकित्सीय निहितार्थों के अतिरिक्त यह परियोजना**जम्मू और कश्मीर में निवेश को भी बढ़ावा** देगी जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

और पढ़ें... **न्यूरोपैथी**, **कैंसर**, **मिर्गी**

चंद्रशेखर आजाद

- **23 जुलाई** को हम भारत के एक प्रतिष्ठित और निडर स्वतंत्रता सेनानी, **चंद्र शेखर आज़ाद** की जयंती मनाते हैं।
- वर्ष 1906 में **भाभरा गाँव (अब मध्य प्रदेश के अलीराजपुर ज़िले में**) में जन्मे आज़ाद 15 वर्ष की छोटी उम्र में**महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन** में शामिल हो गए और ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपनी अवज्ञा के प्रतीक के रूप में **"आजाद"** नाम अपनाया।
- वह **हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA)** के एक प्रमुख सदस्य बन गए, जो औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष के लिये समर्पित एक क्रांतिकारी समूह था।
  - आज़ाद **काकोरी ट्रेन डकैती** सहित प्रतिरोध के साहसिक कार्यों में भी शामिल थे।
- अपने संगठनात्मक कौशल और **भेष बदलने** में महारत के चलते आज़ाद ने कभी भी जीवित नहीं पकड़े जाने की प्रतिज्ञा ली। **27 फरवरी, 1931** को पुलिस के साथ भीषण गोलीबारी में उनकी मृत्यु हो गई।

और पढ़ें...

चंद्र शेखर आज़ाद ,**असहयोग आंदोलन**,**हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-july-2023